## पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल, जब्ती के बना दो प्रकरण, चौरई थाने का मामला

# 50 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपियों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चौरई आबकारी वृत में अवैध शराब के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए आरोपियों से 50 लीटर से अधिक जप्ती के दो प्रकरण के 2 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

7 अप्रैल को गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में ग्राम खुटिया थाना चौरई अंतर्गत आरोपी रामकुमार पिता तिज्जु वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 ग्राम खुटिया के दुपहिया वाहन की तलाशी लेने पर 63.36 बल्क लीटर देसी मदिरा बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) धारा 34(1) क एवं 34 (2) के तहत मामला





गैरजमानतीय एवं दंडनीय होने से प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया गया नियमानुसार कार्यवाही माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया।

ठीक इसी तरह 4 अप्रैल को भी मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम कोना पिंडरई थाना चौरई अंतर्गत आरोपी चंद्रजीत सूर्यवंशी पिता योगेंद्र सूर्यवंशी उमर 25 वर्ष निवासी महावीर मोहल्ला कोना पिंडरई के किराना दुकान से विधिवत तलाशी लेने पर कल 62.6 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद कर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया था। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुमारी भारती गोंड तथा आबकारी आरक्षक भारती मरकाम उपस्थित रही।

## शहर के चहुंमुखी विकास के संदर्भ में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा

# सीएम बोले: छिंदवाड़ा मेरी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शहर विकास के लिए दृढसंकल्पित महापौर विक्रम अहके ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलकर विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की एवं शहर विकास के लिए बनाए गए रोड मैप पर बात की जिसको मुख्यमंत्री जी ने गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया जी विकासशील मध्यप्रदेश की इस दौड़ में छिंदवाड़ा के विकास की गति भी दोगुनी होगी इस दौरान में महापौर अहके जी ने विभिन्न आवश्यक मांगों को ध्यान ने रखते हुए मांग पत्र भी सौंपा जिस पर मुख्यमंत्री जी द्वारा कहा गया कि छिंदवाड़ा का विकास मेरी प्राथमिकता में है।

आगे चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में विकास समिति बनाई जाएगी और शहर के विकास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर, टीचर सब मिलकर काम करेंगे इसी बजट में शहरों में विकास समिति बनाने का प्रावधान भी किया गया है आगे उन्होंने कहा कि महापौर शहर के प्रथम नागरिक हैं नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार चर्चा की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण की ली शपथ

**तामिया/छिंदवाड़ा-** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष माननीय डॉ मोहन यादव के आव्हान पर तथा जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन और विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के नेतृत्व में तामिया मे सभी परामर्शदाता, नवांकुर संस्था उषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास समिति तामिया, सहयोगी संस्था- भूविक सोशल वेलफेयर सोसाइटी तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तामिया के भरियाढाणा में ग्रामीणों को जल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई उन्हें जल के सद्उपयोग हेतु प्रेरित किया गया एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विभिन्न जल संरचना जैसे कुआ, बावड़ी, पोखर, तालाब के पुनर्जीवन हेतु श्रमदान के माध्यम से कार्य कर सफाई करने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता के इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख डॉ.धर्मेंद्र वासनिक, परामर्शदाता सुभाष मिनोटे, संदीप राज,चंद्रकांत विश्वकर्मा,पंकज राय, स्वाति सूर्यवंशी सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं सहित ग्रामीण जनों ने सहभागिता की।



## तेज गर्मी में शालाएं सुबह की पाली में लगाई जाए: तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ

**पांढुर्ना।** भीषण गर्मी के दिनों में शालेय बच्चों की पेयजल समस्या और तपन से बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से आज तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं को सुबह की पाली में शाला संचालित करने का निवेदन किया गया है। इसके अलावा ज्ञापन में सहा. अध्यापक वर्ग 3 को द्वितीय क्रमोन्नती का लाभ प्रदान करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी क्लेम प्रदान करने तथा आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित आश्रम शाला गायखोरी में पदस्थ दिव्यांग शिक्षक दिनेश क्षीरसागर को लंबित महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में शासकीय शालाओं में राज्य शिक्षा केंद्र से प्राप्त राशि का व्यय करने हेतु शासन ने जो डीजीगो पोर्टल बनाया है उसका शिक्षकों को प्रशिक्षण नहीं दिए जाने का उल्लेख है। इस पोर्टल की कोई आयडी शिक्षक के पास नहीं है। इस प्रकार राशि आहरण करने के लिए शिक्षकों बीआरसी कार्यालय पर निर्भर रहना पडता है। इसलिए इस पोर्टल के प्रशिक्षण की जल्द व्यवस्था किए जाने की मांग तृतीय कर्मचारी संघ ने की है।



## रिधोरा में महाप्रसाद लेने उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**सौंसर।** ग्राम रिधोरा में श्री राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा विगत 30 मार्च से अखंड हरी नाम सप्ताह का आयोजन किया गया।आयोजन के दौरान प्रतिदिन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुई अखंड हरी नाम सप्ताह हरि कीर्तन श्री राम कथा आदि में में बड़ी संख्या में ग्राम रिधोरा के अलावा आसपास के ग्रामीण राम भक्तों महिलाओं ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया,कार्यक्रम का समापन दहीलाही एवं गोपाल काला कीर्तन के साथ में किया गया,महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में हजारों की तादाद में ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया,अखंड हरिनाम भागवत सप्ताह का आज दही लाही किर्तन एवं भंडारे के पश्चात समापन किया गया। सफलता पूर्वक संपन्न हुए आयोजन के लिए श्री राम जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी ने साधु संतों का सत्कार कर आभार व्यक्त किया,अखंड हरी नाम सप्ताह कार्यक्रम के दौरान कथावाचक ह,भ,प सेवकराम भकने महाराज भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए वर्तमान परिवेश में मानव ने कैसा जीवन जीना चाहिए जिससे समाज परिवार और स्वयं मनुष्य का कल्याण हो सके भारतीय संस्कृति आगे बढ़ सके, माता-पिता दीन दुखियों एवं मुसीबत में फंसे हुए लोगों की किस प्रकार से हमने मदद करना चाहिए आदि पर अपना मार्गदर्शन दिया, समापन अवसर पर आयोजन कमेटी की ओर से आयोजन में शामिल हुए सभी साधु संतों का स्वागत सत्कार किया गया, इस दौरान समापन अवसर पर विधायक विजय चौरे,पूर्व विधायक अजय चौरे,डॉ राजेद्र यमदे, सोपान कोहले, आयोजन समिति अध्यक्ष निवृत्ति कोहले उपाध्यक्ष प्रेमराज फोले सचिव लिलाधर धाडे कोषाध्यक्ष दिलिप लांडे एवं अभिनय चौरे विपिन फोले कोमल भालेराव नारायण फोले सुनील फोले सुनील इगोले मयूर फोले दिनेश इगोले राजेन्द्र इगोलेआदित्य फोले भुषण चौरे आदि थे।



# नपा परासिया ने पेश किया बचत का बजट

## न्यूटन पेंच नदी पर बनेगी पांच करोड़ की रिटर्निंगवॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मंगलवार को परासिया में पी आई सी की बैठक हुई। जिसमें बचत वाला बजट पेश किया गया। जिसके अनुसार नगर पालिका ने आगामी वित्तिय वर्ष के लिए 128 करोड , 98 लाख, 42 हजार , 673 रुपयों की आय , 128 करोड़ , 96 लाख , 85 हजार , 491 रुपए के अनुमानित व्यय पर 1 लाख 67 हजार , 182 रुपयों की बचत का बजट पारित किया।मंधान से पानी लाने की योजना का प्रस्ताव भेजा , पीआईसी में बचत का बजट पारित किया। पी आई सी की बैठक में न्यूटन में पेंच नदी के आसपास खेतों को बचाने के लिए पांच करोड की रिटर्निंग वाल बनाने का प्रस्ताव लिया गया। मधान बांध से परासिया तक पानी लाने की अमृत टू योजना की वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित प्रेसिडेंट इन काउंसिल पीआईसी की बैठक में सीएमओ साक्षी वाजपेयी , इंजिनियर राजेंद्र सोनी , सभापतिगण उपस्थित थे। दो सभापतियों को बदलने के बाद ये पहली बैठक थी। नए सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा , संतोष डेहरिया उपस्थित रहे। मंधान बांध से परासिया तक पाईप लाईन बिछाई जा रही है। इसके लिए लगने वाले प्रस्ताव को पारित किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 1 में मोक्षधाम बनाने का प्रस्ताव लिया गया। कर्मचारियों के अवकाश की राशि स्वीकृत की गई। वार्ड क्रमांक 18 में वाटिका के पीछे सड़क बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। न्यूटन में पेंच नदी पर नगर पालिका का बांध है। इस बांध के कारण आसपास के खेतों में कटाव हो रहा है। इस कटाव को रोकने के लिए रिटर्निंग वाल बनाने का प्रस्ताव लिया गया।



## जनरल बोगियों के यात्रियों को मिल रहा ठंडा जल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

बीते कुछ दिनों से एक शाम देश के नाम समिति यहां के नागरिकों की मदद से रेलवे स्टेशन से गुजरनेवाली ट्रेनों में जनरल बोगियों में सफर कर रहे यात्रियों को निशुल्क ठंडा पानी पिलाने का पूनित कार्य कर रही है। समिति ने प्लेटफॉर्म नंबर 2 एवं 3 पर ठंडे पानी के प्याऊ लगाए है। इसके अलावा ठंडे पानी की बोतलें जनरल बोगियों में यात्रा कर रहे यात्रियां तक पहुंचायी जा रही है। एक शाम देश के नाम समिति द्वारा स्टेशन पर प्याऊ, ठंडा पानी, बोतलें तथा पानी प्रदाय करनेवाली कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। इस पूरी व्यवस्था में शहर के अनेक समाजसेवी नागरिकजन अपने माता, पिता या किसी परिजन के नाम पर समिति को एक दिन, चार दिन या एक सप्ताह की व्यवस्था का खर्च भेट के रूप में दे रहे है। इसके एवज में समिति द्वारा तयशुदा दिन उस विशेष नागरिक के नाम का छोटा सा फलक स्टेशन पर लगाती है जिसमें उस दिन की निशुल्क जलसेवा इनकी ओर से दी जाने का उल्लेख किया जाता है। इस प्रकार एक शाम देश के नाम समिति जनता की अप्रत्यक्ष भागिदारी से तपती गर्मी में जनरल बोगियों में सफर कर रहे लोगों तक ठंडा पेयजल पहुंचा रही है।

## हार्टफुलनेश ध्यान प्रथम सत्र सम्पन्न



**सिंगोड़ी।** प्रतिभागियों की संख्या 11,प्रशिक्षक कनक प्रभा गेडाम वालंटियर, अभ्यासी, जितेन्द्र विश्वकर्मा, एम एल डेहरिया प्रथम दिन रिलैक्सेशन, और ध्यान करवाया गया। सिंगोड़ी चौकी प्रभारी के साथ साथ सभी सहकर्मियों ने इस सत्र के माध्यम से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किए। इस सत्र में सिंगोड़ी प्रभारी पंकज राय की भूमिका और सहयोग अविस्मर्णीय रहा।

## निगम ने 14 गुमठियां एवं 19 हाथ ठेलों को हटाया

# निगम दल ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम छिंदवाड़ा चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर अतिक्रमण दल द्वारा आज वीआईपी रोड, रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ एवं खजरी चौक के आस पास रोड में लगी समस्त हाथ ठेले एवं गुमटी को हटाया गया। उक्त कार्यवाही में 14 गुमटी एवं 19 हाथ ठेले हटाए गए। सभी को दोबारा शासकीय स्थानों पर दुकानें न लगने की हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही में सुभाष मालवीय, दीपक बाघमारे,राम बघेल,जावेद खान ,गणेश तिवारी, अवधेश चौरसिया, आशीष महरौलिया, लोकेश भंडारे, राजेश गोहिया एवं गोविंद चौहान की टीम उपस्थित रही।



### ग्राम पंचायत उमरेठ के हेटी क्षेत्र के ग्रामीण सड़क के लिए लंबे अरसे से परेशान

# सड़क के लिए आवाज उठाओ तो डराता धमकाता है सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

ग्राम पंचायत उमरेठ के हेटी वार्ड 1 में रहने वाले ग्रामीण सड़क के लिए लंबे अरसे से परेशान हैं। ऊपर से उनकी समस्या यह है, कि सड़क के लिए आवाज उठाने पर पंचायत सचिव डराता - धमकाता है। ग्राम पंचायत उमरेठ के हेटी क्षेत्र के ग्रामीण सड़क के लिए लंबे अरसे से परेशान है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार सड़क निर्माण के लिए सरपंच, सचिव और सी ई ओ से गुहार लगा चुके हैं। 9 माह पूर्व जनपद परासिया आकर ग्रामीणों ने सी ई ओ से अपनी समस्या रखी। ग्रामीण रामराज यादव, प्रकाश यादव, महिमा साहू, राजकुमारी यादव, सनवती यादव और विनय यादव ने बताया, कि जिस मार्ग से ग्रामीण परासिया और अन्य क्षेत्रों के लिए आना जाना करते हैं वह बीते दस वर्षों से कच्चा ही है। रास्ते में एक नाला भी है। बारिश के दौरान बच्चों को स्कूल आने - जाने में परेशानी होती है। सरपंच - सचिव से सड़क निर्माण के लिए क ई बार कहा गया, लेकिन सचिव सरकारी भूमि नहीं होने का हवाला देकर बात टाल देता है, जबकि जिनकी भूमि है, वे सड़क के लिए जगह देने को तैयार है। उनके सहमति पत्र भी पंचायत और जनपद में दिए जा चुके हैं। कुछ शासकीय भूमि भी हैं। सड़क को लेकर सी एम हेल्प लाईन में भी शिकायत की गई। अब सचिव शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है। सड़क को लेकर कोई कदम उठाओ तो शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित करने की धमकी देता है। राशन कार्ड भी निरस्त करने की बात कहता है। उपाध्यक्ष से मिले ग्रामीण :- मंगलवार हेटी के ग्रामीण पुनः सड़क की मांग को लेकर सी ई ओ से मिलने परासिया जनपद पहुंचे, लेकिन सी ई ओ नहीं मिली, तो ग्रामीण जनपद उपाध्यक्ष जमील खान से मिले और अपनी बात रखी। जिसके बाद उपाध्यक्ष श्री खान ने तत्काल सचिव को फोन लगाकर स्थिति जानी। श्री खान ने सचिव को एक सप्ताह के अंदर फिलहाल जितनी सड़क स्वीकृत है उतने का निर्माण शुरू कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।



## बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन संपन्न

**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद के द्वारा कई वर्षों से लंबित कब्रिस्तान बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वीकृत राशि 196748 के निर्माण कार्य लगभग 260 मीटर बाउंड्री वॉल का कार्य आदेश कॉन्टैक्टर डोरी कंस्ट्रक्शन कंपनी सारणी द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष पार्षदों वार्ड वासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कमरे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन नगर पालिका सभापति वार्ड पार्षद श्रीमती प्रमिला विजयपाल राजेंद्र सूर्यवंशी सहित भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर निखिल साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे संस्था के उपन्यत्री अनुराग सरिया महर्षि चौरसिया एवं ठेकेदार मकोड़े वार्ड के निवासरत नागरिक बंधु भारी संख्या में उक्त बाउंड्री वॉल के निर्माण के समय उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद श्रीमती प्रमिला विजय पाल संजय जैन राजेश सूर्यवंशी के प्रयास से उक्त बाउंड्री वाल के निर्माण पर वार्ड वासियों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोडे सहित संपूर्ण परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।



## देवी जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और विधानसभा प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

चैत्र नवरात्र एवं श्रीराम नवमी उत्सव के पावन पर्व पर सिध्दबाबा मंदिर ग्राम भोकई कालोनी में विशाल देवी जागरण हुआ। जिसमें सांसद विवेक बंटी साहू और परासिया विधान सभा प्रभारी ज्योति डेहरिया की विशेष उपस्तिथि रही। भारत देश के सुप्रसिद्ध भजन देवी जस सम्राट रूद्र कांत ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति देकर भक्ति मय माहौल बना दिया। ठाकुर के भजन लट खोलकर नाचों मेरी मां जैसै सुप्रसिद्ध भजनों से भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति डेहरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा, कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर बहुत खुशी होती है। मुकेश सालवंशी एवं पूरी समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निरंतर ऐसे आयोजन करते रहें। उन्होंने मंदिर समिति के आग्रह पर मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए सासंद निधि से विकास करने का आश्वासन दिया एवं जल्द ही प्रस्ताव मांगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण व आसपास के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मोहोड़ ने सीसी सड़क एंव पीएम आवास मकान का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सौंसर पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़ द्वारा 8 अप्रैल दिन मंगलवार को जनपद पंचायत मोहखेड़ कि ग्राम पंचायत तंसरामाल में 500 मीटर सीसी सड़क एंव पीएम आवास मकान निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया. भूमिपूजन कार्यक्रम को पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़ ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश भाजपा कि सरकार ने आमजन खासकर गरीबों के लिए विकास की जितनी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया है, उससे निश्चय ही समाज के अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी सम्मान के साथ समाज की अग्रिम पंक्ति के लोगों के समकक्ष आने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा होगा।मेरा उद्देश्य है अच्छी सोच होना चाहिए नाकि बदले की भावना होनी चाहिए. हम लोग विकास की भावना रखते है.उन्होंने कहा कि आज तंसरामाल पंचायत में 15 लाख 40 हजार रूपये से 500 मीटर सीसी सड़क एंव 1 करोड़ 34 लाख 40 हजार रूपये से स्वीकृत 96 पीएम आवास निर्माण कार्यों कि आधारशिला रखी गयी.साथ ही सेवा सहकारी भवन कि भी स्वीकृति मिल चुकी है जल्द ही तंसरामाल में सेवा सहकारी समिति का कार्यालय होगा.साथ उन्होंने अंतिम में कहा कि विकासखंड में 4 सामुदायिक भवन कि मंजूरी मिल चुकी है.जिनमें गडमऊ,सारंगबिहरी, चारगांव और लिंगा शामिल हैं।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज, सांसद सहित जिला अध्यक्ष होंगे शामिल

**जुन्नारदेव।** भाजपा का विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज गुरुवार को दमुआ स्थित श्रीजा मैरिज लॉन में दोहपर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विधानसभा जुन्नारदेव के जुन्नारदेव शहरी मंडल, जुन्नारदेव ग्रामीण मंडल,दमुआ शहर,दमुआ ग्रामीण, तामिया ओर चावलपानी मंडल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त सम्मेलन में जिले के सांसद बंटी विवेक साहू,जिला अध्यक्ष भाजपा शेषराव यादव अपना मार्गदर्शन देंगे। जुन्नारदेव नगर मंडल के अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने विधानसभा के सभी सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

## श्री दादा जी दरबार शंभू धाम नेर में विसर्जित हुआ जवारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

श्री दादा जी दरबार शंभू धाम नेर में आज नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुभक्त गणो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों के अनुसार दादा दरबार नेर के उपासक रोहित सिंदरामी द्वारा संकल्प लिया गया है कि वह 52 साल तक का उपवास में रहेंगे जिसके अभी तक 13 वर्ष पूर्ण हो चुके है। 2013 से इनका प्रण प्रारंभ हुआ है। साल भर की दोनों नवरात्रि में यह कील की चौरंग पर लेट कर शरीर पर जवारे बोकर मनोकामना सिद्ध कलश को अपने शरीर पर स्थापित करते है। साथ ही मातारानी का शस्त्र त्रिशूल को भी बाना के रूप में धारण करते है।आज यहां जवारे और कलश का विसर्जन किया गया दरबार में 52 सिद्ध कलश की स्थापना की गई थी। जिसका आज विसर्जन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी एवं विशाल भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## पोषण आहार पखवाड़े की हुई शुरुआत

**परासिया** :- नगर के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 ई, डी, सी, में मंगलवार से पोषण आहार पखवाड़ा की शुरुआत की गई। जिसमे गर्भवती महिला हिमान्द्री शेन्डे की 7 माह की गोद भराई रस्म की गई। उपहार स्वरूप सुहाग की सामग्री भेंट की गई। महिलाओं को पोषण आहार के विषय मे समझाईश दी गई। गर्भवती महिला को टी,एच, आर,दिया गया। एच, बी, बी,पी,की जाँच की गई। पोषण आहार थाली का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रुकमा बंसोड़, पर्यवेक्षक निवेदिता शाह, एएनएम एच, कपाले, आशाकार्यकर्ता चाँदनी डेहरिया, आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता उषा यादव, शोभा वर्मा, कविता डेहरिया, सहायिका जेबुन्निशा, निर्मला डेहरिया सहित गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यकर्ता उषा यादव ने बताया कि पोषण आहार पखवाड़ा में आगे भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### जल संकट को लेकर नपा की आवश्यक बैठक, टिल्लू पंप से पानी खींचा तो होगी सख्त कार्यवाही

# ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना के तहत नपाध्यक्ष ने ली जलप्रदाय शाखा की समीक्षा बैठक

बालाघाट।

नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शहरी क्षेत्र में जलप्रदाय की व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने सभापति समीर जैसवाल व नपा के सहायक यंत्री सत्यम जाट के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें शाखा के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल के लिये अलर्ट मोड पर रहे और सुधार कार्य तथा जल प्रदाय से जुड़ी कोई भी शिकायतों का निराकरण समयबद्ध किया जाना चाहिये। पालिटेक्निक काँलेज के सामने स्थित पानी टंकी के वाल्व में ख़राबी आने से दो दिनों से वार्ड नं 24,32,33 व 28 में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है जिसके वाल को तत्काल सुधार कार्य करने निर्देशित किया जिस पर उपयंत्री ज्योति मेश्राम ने बताया की आज सुधार कार्य कर दिया गया है जिसमें कल 09 अप्रेल सुबह से जलापूर्ति कर दी जायेगी ,वहीं किसी भी प्रकार से पानी की बर्बादी ना हो सभी लीकेज हुऐ खराब वाल्व को युध्द स्तर पर सुधार कार्य किया जाये वार्ड नं॰03 सहित सभी पानी टंकियों से ओवर फ्लो से पानी ना बहे इसका विशेष ध्यान रखें शिकायत आने पर ज़िम्मेदार सम्बंधित कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी,आमलोगों से भी अपील है पानी को व्यर्थ ना बहायें जबकि जलस्तर में कमी को देखते हुए जल्द परिषद के सभी सहयोगी पार्षदों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनायेंगे साथ ही सभी बातों की समीक्षा करने एक आवश्यक बैठक जल संसाधन विभाग,लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारियों के साथ आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कक्ष में दोपहर 03 बजे आयोजित की गई है जिसमें आने वाले समय में होने वाले जल संकट से निपटने की तैयारी व कार्ययोजना बनाई जायेगी। ग्रीष्मकाल को लेकर नपा द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है जिसे लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये और जलप्रदाय शाखा से जुड़ी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने को कहा। नपाध्यक्ष ने कहा कि परिषद के जितने भी पानी टेंकर है उसे दुरूस्त रखा जाये। पुराने टेंकरों में पेटिंग कराये जाये और मापदण्ड के हिसाब से सुधार कार्य हो। शहर में कहीं भी बिना नगरपालिका की अनुमति के रोड काटने का कार्य नहीं किया जायेगा क्योंकि इससे पाईप लाईन प्रभावित होती है इसका विशेष ध्यान रहे। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट में सुरक्षा की दृष्टि से बाउण्ड्रीवॉल एवं गेट निर्माण कराया जाये। भटेरा आरओबी निर्माण कार्य होना है जिसके लिये पाईप लाईन का फाईनल प्रारूप सभी आवश्यक ज़रूरतों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जाये।





### टिल्लूपंप से पानी खिंचने पर होगी सख्त कार्यवाही

नपाध्यक्ष ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि ग्रीष्मकाल को लेकर अभी से सतर्कता है किंतु नदी में पानी का जलस्तर कम महसूस किया जा रहा है इसकी मुख्य वजह बैनगंगा नदी स्थित भीमगढ बाँध में जलस्तर घट गया जिससे सिवनी जिले के अनेक क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित हुआ है जो कि चिंताजनक विषय है आगामी दो माह हमें उपलब्ध पानी पर ही निर्भर रहना है इसिलिये इन सभी बातों का आकलन करने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है

जलप्रदाय शाखा प्रभारी ज्योति मेश्राम ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर टिल्लू पंप का उपयोग कर सरकारी नल कनेक्शन से पानी खिंचा जा रहा है और कई स्थानों पर प्रेशर कम हुआ है। इस हेतु तय किया गया है कि नपा का निगरानी दल टिल्लू पंप का उपयोग करते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करेगा और मामला भी दर्ज किया जा सकता है तथा टिल्लूपंप की जब्ती बनाकर माननीय न्यायालय में भी प्रस्तुत किया जा सकता है।इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये जो नगरवासी टिल्लू पंप का उपयोग करते है यह कार्य ना करें। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन तैयारियों में अनेक विषयों पर नपाध्यक्ष ने जलप्रदाय शाखा को निर्देशित किया और त्वरित रूप से कार्ययोजना पर अमल करने को कहा है।

# कलेक्ट्रेड कार्यालय में जिला स्तरीय आलम्पियाड सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न




बालाघाट

जिला स्तरीय ओलपिंयाड सम्मान समारोह मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों को प्रमाणपत्र के साथ बैग, बॉटल, ट्राफी, शील्ड एवं ट्रेकसूट का वितरण करते हुए शुभकामनाए दी गई। साथ ही प्रत्येक छात्र को शिक्षा का महत्व बताते हुए कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि शिक्षा बच्चें के भविष्य को सवांरती है तथा हमारा भविष्य उज्वल बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता एवं शिक्षक बच्चे की पढाई को विशेष महत्व प्रदान करे। इस दौरान 32 छात्रों के साथ संबंधित स्कूल के शिक्षक एवं पालक समारोह में सम्मिलित रहे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से जिला परियोजना समन्वयक श्री घनश्याम प्रसाद बर्मन, ओलम्पियाड प्रभारी श्री विवेक गुप्ता, समस्त एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सर्व जिला बालाघाट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बालाघाट के स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राइड बढ़ाने के लिए अस्पताल का एन्क्वास प्रमाणीकरण आवश्यक

**ओपीडी समय में डॉक्टर्स की मौजूदगी पहली प्राथमिकता**

**जिला अस्पताल का लोड करने की जिम्मेदारी बीएमओ की भी**

**कलेक्टर श्री मीना ने की स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा**

**बालाघाट** बालाघाट जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र का प्राइड बढाने के लिए जिला अस्पताल का एंकवास प्रमाणीकरण आवश्यक है। अब तक किये प्रयासों से सेवाओ में सुधार हुआ है, लेकिन अब भी कुछ सेवाओं में सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। इसलिए सभी बिंदुओं पर प्रोटोकॉल के अनुसार सेवाएं बनाएं रखें। मंगलवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन को निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने कहा कि ओपीडी समय में डॉक्टर्स की उपस्थिति एन्क्वास (एनक्यूएएस) सहित मरीजों के लिए संतोषजनक होनी चाहिए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला अस्पताल सहित अन्य प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के एंकवास प्रमाणीकरण की जानकारी ली। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद से ही एंकवास के प्रमाणीकरण पर जोर दिया है। बैठक कस दौरान आयुष्मान के प्रकरणों के क्लेम समिट करने के लिए सीएमएचओ सहित डीपीएम व बीएमओ को ठोस निगरानी करने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्री मीना ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य, हाई रिस्क डिलेवरी, एनआरसी, आरबीएसके, सिकलसेल मलेरिया सहित टीकाकरण की भी समीक्षा की। साथ ही महिला बाल विकास के तहत आने वाली योजनाओँ के बारे में भी विस्तार से जाना। महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया को निर्देश दिए है कि आंगनवाड़ियों के 25 दिनों खुले रहने के लिए निर्देशित करें। वही पीएम मातृ वंदना योजना के रजिस्ट्रेशन में जिन सीडीपीओ की प्रगति संतोषजनक नही है। उनसे पुनः जांच कराए साथ ही नोटिस भी जारी करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ सहित अन्य डेटा इंट्री करने वाला स्टॉप और महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ व सुपर वाइजर मौजूद रहें।

**एन्क्वास के इंटरनल सर्वे में 90 प्रतिशत लाने का लक्ष्य-** कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशानुसार जिला अस्पताल के सभी विभागों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार दिए गए लक्ष्य के बाद अब इंटरनल सर्वे में काफी सुधार हुआ है। एन्क्वास प्रमाणीकरण के लिए हर विभाग में 90 प्रतिशत अंक हासिल करने है। जिला अस्पताल द्वारा हुए इंटरनल सर्वे में ओपीडी विभाग में 85 प्रतिशत व ब्लड बैंक में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। जबकि अन्य विभागों में पूर्व में सर्वे के बाद मार्च में हुए सर्वे में 10 विभागों में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक आये। कलेक्टर श्री मीना ने इन दो विभागों को भी प्रोटोकॉल के तहत संचालित करने के निर्देश दिए है।

**ब्लड बैंक में जल्द 3 मशीनें आएगी-** एन्क्वास प्रमाणीकरण के लिए ब्लड बैंक विभाग में इंटरनल सर्वे में 86 प्रतिशत हासिल हुई है। इस सम्बंध में सिविल सर्जन डॉ. जैन ने कहा कि ब्लड बैंक में अभी 3 मशीनों के नही होने से अंक कम आये है।

## खबर संक्षेप

### विधायक दिनेश राय मुनमुन प्रयासों से मार्गो के निर्माण की मिली स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** -सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयासों से मार्गो के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुयी। विधायक दिनेश राय मुनमुन के अथक प्रयासों से सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी से सिमरिया मार्ग 2.50 कि.मी. लंबाई, राशि 395.58 लाख लागत एवं ग्राम भटमतरा से पांडीवाडा मार्ग 2.60 कि.मी. लंबाई, राशि 1499.55 लाख लागत (उच्चस्तरीय पुल निर्माण सहित) की शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।
इस बावत गत दिवस मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता मे संपन्न स्थाई वित्तीय समिति की 280 वीं बैठक के अनुमोदन अनुसार उक्त मार्गो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय जनों की मांग अनुसार उक्त मार्गो के निर्माण के लिए विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे। जिसके परिणामस्वरूप स्वीकृति अनुसार विभाग द्वारा टेण्डर जारी कर दिये गये है। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं विभागीय मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रोजगार मेले का आयोजन 16 अप्रैल को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे राम रमण प्राईवेट आई. टी. आई., होम गार्डस ऑफिस के सामने सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

# लखनादौन पुलिस ने किया अलग अलग स्थानों में हुई चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु० अधि० पुलिस अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा शातिर नकबजन को गिरफतार कर अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी का खुलाशा करने में बडी सफलता प्राप्त की है। दिनांक 19.02.2025 को प्रार्थी आशीष नेमा निवासी वार्ड क्रमांक 02 लखनादौन द्वारा रिपोर्ट लेख कराया था कि दिनांक 19.02.2025 के दोपहर 12/00 बजे दिन में घर का ताला बंद कर अपनी क्लीनिक चला गया था। उसके बाद किसी अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोडकर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सहित कुल 1,90,000 रूपये चोरी कर ले गये रिपोर्ट पर अपराध कमांक 94/2025 धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस का अपराध व दिनांक 27.01.2025 को प्रार्थी राहुल पथरोटे पिता अनिल पथरोटे निवासी वार्ड कमांक 09 लखनादौन के घर हुई चोरी 01 मंगलसूत्र व नगदी सहित कुल 35000 रूपये की चोरी की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 57/2025 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था। वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर सी.सी.टी.व्ही फुटेज व तकनीकी आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर पतारसी की गई। संदेही सददाम उर्फ इमरान खान पिता अनवर अली उम्र 25 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटेगांव जिला नरसिंहपुर पर संदेह होने पर प्रकरण के संबंध में हिकम अमली से पूछताछ करने पर दिनांक 26.01.2025 व 19.02.2025 को अपने साथी ओवेस खान उर्फ उवेस पिता उस्मान खान उम्र 32 साल निवासी जागृति नगर गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 26 साल निवासी पटेल वार्ड नर्मदा मंदिर के पास गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के साथ चोरी करना जुर्म स्वीकार किये आरोपियों से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात सोने का 01 हार, सोने की 01 अंगुठी, सोने की 01 जोडी झुमकी सोने के 5 लौंग, सोने के मोती लगभग 20 नग व नगदी सहित कुल 1,63,000 रूपये जप्त किया गया। एवं गिरफतार आरोपीगणों द्वारा थाना आदेगांव क्षेत्र में माह जनवरी में चोरी करना स्वीकार किया गया। गिरफतार आरोपी सददाम उर्फ इमरान खान थाना गोटेगांव का निगरान बदमाश है, जिसके विरूद्ध प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कई अपराध दर्ज है आरोपी सददाम द्वारा थाना लखनादौन क्षेत्र में पूर्व में हुए चोरी के मामलों में अपने साथियों के साथ गिरफतार हो चुका है। आरोपी सददाम खान जेल से छुटने के बाद पुनः अपने साथी ओवेस खान व अजीत खान के साथ उक्त घटनाओं को अंजाम दिया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनजीवन के कार्यों को मिल रही गति



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में-जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही इस अभियान जनसमुदाय को जोडने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन द्वारा क्षेत्रीय सामुदायिक तालाब की साफ-सफाई की गई साथ ही संगोष्ठी एवं रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा एवं नवलगांव मे दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों की सहभागिता रही। इसी क्रम में बरघाट विकासखंड के ग्राम मलारा में भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागिदारी से ग्राम के तालाब की साफ-सफाई की गई साथ ही जल संरचना के उन्नयन कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

## नए कानूनों के परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान व तकनीक पर कार्यशाला सिवनी पुलिस



पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व व अति पुलिस अधीक्षक गुरूदत शर्मा के मार्गदर्शन में 03 दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक लोक अभियोजन अधिकारी नवलकिशोर सिंह जी,निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व निरीक्षक संदीपिका ठाकुर , प्र.आर. प्रदीप श्रीवास द्वारा जिले के समस्त थाने व चौकियों से प्रतिभागी 40 विवेचकों को कार्यशाला के द्वितीय दिवस में नए कानूनों के परिप्रेक्ष्य में फाइलिंग ऑफ चार्ज शीट एंड फाइनल रिपोर्ट,टाइम लाइन एंड कोर्ट प्रोसिडिंग,ऑन लाइन समन वारंट,ई साक्ष्य व ई रक्षक एप्स के प्रचालन व विवेचना में उपयोग, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्किंग सिस्टम( सीसीटीएनएस) आईसीजेएस,एनएएफआईएस, मेडलैपर,आईटीएसएसओ, ई सिटीजन पोर्टल,एनसीआरबी संकलन आदि एप्लिकेशन पर प्रायोगिक रूप से विस्तार से चर्चा व व्यवसायिक दक्षता हेतू विवेचना के दौरान उपयोग करने हेतू प्रशिक्षित किया गया।

### सड़क हादसे मे एक घायल

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में आज सुबह 9 बजे एक सड़क हादसा हुआ। भालीवाडा गांव के पास बाइक के फिसलने से चालक घायल हो गया। घायल की पहचान बांद्रा गांव निवासी 42 वर्षीय रज्जू परते के रूप में हुई है। रज्जू अपने घर से घंसौर जा रहे थे। भालीवाडा गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# संजय सरोवर बांध में पर्याप्त जल भराव के बाद भी कैसे गहरा गया जल संकट..?



हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

संजय सरोवर परियोजना तहत भीमगढ़ बांध का बालाघाट के विधायकों ने किया निरीक्षण.
छपारा :- इस बार सिवनी जिले में भीषण जल संकट की आहट का असर अप्रैल माह की शुरुआत में ही इसके दिखने लगा हैं. वहीं वैनगंगा नदी में मौजूद संजय सरोवर बांध किसानों को सिंचाई हेतु पानी और जिले के लोगों की प्यास बुझाने के लिए एकमात्र जिला मुख्यालय का नजदीक का एशिया का सबसे बड़ा मिट्टी का बांध है. ज्ञात हो कि इस बार जिले में पर्याप्त बारिश होने के चलते संजय सरोवर बांध में जुलाई से लेकर नवंबर अक्टूबर तक 14 बार बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ना पड़ा. इसके बाद भी बांध में आखिर जल संकट अप्रैल की शुरुआत में कैसे गहरा गया. जबकि केवलारी क्षेत्र के अंतिम छोर में किसानों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया. और किसानों खड़ी फसल सूख गई. इस मामले को लेकर केवलारी विधानसभा की विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में जबरदस्त हंगामा कर जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट से इस मामले में जवाब मांगा था और क्षेत्र के किसानों को भीमगढ़ संजय सरोवर बांध से पानी नहीं मिलने के चलते फसल नष्ट होने पर मुआवजे की मांग भी की यह मामला जमकर सुर्खियां बटोरता रहा. वहीं अब संजय सरोवर बांध की नहरें रवि की फसल की सिंचाई के बाद बंद हो गई. और बांध का जल स्तर एकदम से कम हो गया जिसके चलते 203 ग्रामों के लिए पेयजल प्रदाय करने 6 साल पहले गोहाना ग्राम में बनाया गया इंटकवेल सूख गया. इतना ही नहीं सुआखेड़ा से सिवनी शहर के लिए पानी की सप्लाई होती है. वहां पर भी जल स्तर कम हो गया है और बालाघाट में जिस तरीके से संजय सरोवर बांध से 20% पानी दिया जाना था वह पानी भी नहीं दे पाए और जल स्तर कम हो गया. जिसके चलते बालाघाट के क्षेत्र में रवि की गर्मी के सीजन की धान की खेती की जाती है जहां जल संकट गहराने के चलते बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे और वारासिवनी विधायक विक्की विवेक पटेल सोमवार को संजय सरोवर बांध का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने बांध का निरीक्षण कर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बांध में आए जल संकट के बारे में चर्चा की जहां अधिकारियों ने उनको बताया कि बांध से बालाघाट के लिए पानी नहीं छोड़ा जा सकता उनके पास जो पानी बचा है. वह सिवनी जिले में पेयजल प्रदाय की स्थिति को देखते हुए उसे रोक कर रखना पड़ेगा ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि बांध में पर्याप्त पानी भर गया था केवलारी के किसानों को भी पर्याप्त पानी नहीं मिला आखिर फिर बाध का पानी कहां गया. जबकि अभी अप्रैल माह की शुरुआत में इस तरह के हालात हैं. आगे संजय सरोवर बांध में जल संकट की स्थिति और भी भयावह हो सकती है. जिसका अंदाजा अभी जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं है. वहीं सिवनी की संवेदनशील कलेक्टर संस्कृति को इस मामले की जांच करानी चाहिए आखिर बांध में पर्याप्त पानी भरने के बाद भी अप्रैल में ही जल स्तर इतना काम क्यों हो गया. बांध निर्माण के 40 वर्ष बीत चुके हैं अब तक इस तरह के हालात जलस्तर कम होने के इससे पहले देखने को नहीं मिले. जो हालात इस बार संजय सरोवर बांध के जलस्तर देखने को मिला है।

### जलसंकट को लेकर सिवनी पहुंचे बालाघाट से दो विधायक




**बालाघाट के लिए पानी छोड़ने को लेकर हुई चर्चा**

बालाघाट। जिले की विधायक श्रीमती अनुभा मुँजारे और वारासिवनी विधायक विवेक पटेल विक्की सोमवार को लगभग दोपहर तीन बजे के आसपास सिवनी जिले के ग्राम भीमगढ़ स्थित संजय सरोवर बांध पहुंचे,जहां उन्होंने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से बालाघाट जिले में आए जल संकट को लेकर एक विस्तृत चर्चा की। ज्ञात हो कि उक्त दोनों विधायक वर्तमान समय में गर्मी की शुरुआत में ही बालाघाट जिले में छाए जल संकट के चलते ढूटी बांध में पानी छोड़ने की मांग को लेकर पहुंचे थे उक्त विधायकों ने बताया कि जिले के किसानो ने रवि के सीजन की धान पकाने के लिए फसल में पानी नहीं दे पा रहे हैं,जिससे उक्त किसान आंदोलन करने पर उतर आए हैं.उक्त किसानों की समस्या को देखते हुए दोनों विधायक जमीनी हकीकत देखने भीमगढ़ बांध देखने आए थे जहां उन्होंने ने भी देखा कि बांध में वर्तमान समय में सिंचाई हेतु पानी नहीं है, वहीं आगामी तीन महीने गर्मी के पेयजल संकट ना आए इस हेतु सार्थक प्रयास करने की बात कहीं।वहीं विभागीय अधिकारियों ने चर्चा के दौरान बताया कि इस साल अप्रैल माह की शुरुआत में ही पानी की समस्या के चलते बालाघाट जिले में पानी नहीं छोड़ा जा सकता है. चूंकि सिवनी जिले में ही पीने के पानी का संकट सामने खड़ा है. भविष्य में ऐसी स्थिति का सामना ना करना पड़े उसके लिए मानसून के बाद विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग कर दोनों जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों, विधायकों, कृषि विभाग, बिजली के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी...जिससे आगे इस तरह की समस्या आने से पहले उससे निपट सके। इस दौरान बालाघाट की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल उर्फ विक्की पटेल, बालाघाट सिंचाई विभाग के अधीक्षण यंत्री उदय सिंह परतें,सिवनी सिंचाई विभाग के मुख्य अधीक्षण यंत्री विनोद उईके,सब इंजीनियर उदयभान मर्सकोले सहित बड़ी संख्या में सिंचाई विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरपंच, सचिव की मनमानी के चलते बंडोल में पानी के नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बंडोल जिला प्रशासन पीने के पानी के लिए जगह-जगह मशक्कत कर रहा है, वहीं सिवनी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बंडोल में सचिव एवं सरपंच की मनमानी के चलते ग्राम में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है। बंडोल ग्राम में फिल्टर प्लांट से पीने के पानी व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन 2 से 3 घंटे पीने का पानी सुबह मिल रहा है, लेकिन सरपंच, सचिव की मनमानी की चलते वह पानी घर-घर नहीं पहुंच पा रहा है, क्योंकि जगह-जगह ग्राम बंडोल में पाईपलाइन टूटी हुई है, जिसकी मरम्मत के लिए सैकड़ो बार सरपंच सचिव को कहा गया लेकिन दोनों पर कोई असर नहीं पड़ा। हजारों लीटर पानी टूटी हुई पाइप लाइन से व्यर्थ में बह रहा है। अभी तो गर्मी नें सिर्फ दस्तक ही दी है, मई-जून में बंडोल में भीषण पानी की समस्या आ सकती है। अगर इसी तरह ग्राम पंचायत द्वारा पाइपलाइन का सुधार नहीं किया गया तो हालत बद से बदतर हो सकते हैं। ग्राम वासियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि सरपंच, सचिव पर कार्यवाही कर पीने के पानी की व्यवस्था करने की कृपा करें।

## जीतो आर्गेनाइजेशन द्वारा 108 देशों में एक साथ गुंजायमान किया जाएगा मंत्रराज नवकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 9 अप्रैल 2025 बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस है, जिसमें जैन धर्म के सबसे पवित्र अनादि निधन मंत्र 84 करोड़ महामंत्रो का राजा श्री नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप दुनिया भर में पंच परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाएगी यह महामंत्र एक साथ 108 देशों में गुंजायमान होगा। उल्लेखनीय है कि विश्व में शांति, एकता और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित करने के लक्ष्य से णमोकार महामंत्र का एक साथ जाप आयोजित होगा।
महामंत्र के जाप में 108 से अधिक देशों में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) संस्था के मुख्य तत्वावधान में उक्त मांगलिक का आयोजन किया जा रहा है। महामंत्र का 6000 से अधिक स्थानों से लाइव प्रसारण किया जावेगा।100 से अधिक अनुष्ठान होंगे। विश्व नवकार का यह ऐतिहासिक दिवस जैन समाज के लिए धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नवकार महामंत्र के मंगल आयोजन में महामंत्र का जाप करने के लिए स्वयं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गरिमामय उपस्थिति में यह मांगलिक संपन्न होगा।

## 11 अप्रैल:शिक्षा और समता के महानायक, महात्मा फुले की जयंती पर सिवनी करेगा युगपुरुष का स्मरण

हरिभूमि न्यूज लखनादौन छब्बी लाल कमलेशिया

देश के महान समाज सुधारक, गरीबों, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती आगामी 11 अप्रैल को है। इस अवसर पर सिवनी जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान 'स्त्री शिक्षा और समता' के इस महान क्रांतिवीर को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। समाजसेवी हरीश गोल्हानी और उनके साथियों ने भी रघुवीर अहरवाल की उस मार्मिक अपील का पुरजोर समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने जिला प्रशासन से इस महत्वपूर्ण दिन को व्यापक रूप से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। 11 अप्रैल, 1827 को पुणे में जन्मे महात्मा फुले ने समय रहते शिक्षा के महत्व को गहराई से पहचाना था। उन्होंने यह महसूस किया कि दलितों और समाज के तमाम पिछड़े तबकों की महिलाएं शिक्षा की कमी के कारण सदियों से गुलामी की स्थिति में जी रही हैं। उन्होंने उस गहरी पीड़ा को महसूस करते हुए कहा था कि इस



दुर्भाग्य की जड़ और कुछ नहीं, बल्कि अज्ञानता है। शिक्षा के अनमोल महत्व को आत्मसात करते हुए, उन्होंने समाज के कटु ताने सहकर और अपमानजनक गालियां सुनकर भी अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित करने का दृढ़ संकल्प लिया। श्री गोल्हानी ने बताया कि फुले दंपत्ति का संघर्ष केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं था, बल्कि यह बाल-विवाह के प्रबल विरोधी और विधवा-विवाह के अटूट समर्थक के रूप में भी मुखर हुआ। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त गहरी बुराइयों के खिलाफ लगातार अपनी बुलंद आवाज उठाई। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। इसी अटूट संघर्ष का परिणाम था कि उन्होंने वर्ष 1848 में पुणे की धरती पर लड़कियों के लिए देश का पहला महिला स्कूल खोला, एक ऐसा क्रांतिकारी कदम जिसने सदियों से चली आ रही सामाजिक बेड़ियों को तोड़ने का काम किया। फुले दंपति ने इसके बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में कई अभूतपूर्व कार्य करते हुए देश में लड़कियों के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला स्थापित की। दलितों और वंचितों को सामाजिक न्याय और समानता दिलाने के अपने अटूट संकल्प को साकार करने के लिए ज्योतिराव फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसने समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। समाज सुधार के इन अथक और निस्वार्थ प्रयासों के चलते ही वर्ष 1888 में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो उनके महान कार्यों के प्रति देश का सर्वोच्च सम्मान था।

# लखनादौन में आज भाजपा परिवार का स्नेह और संवाद, सांसद कुलस्ते भरेंगे कार्यकर्ताओं में विजय का जोश

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।**
छब्बी लाल कमलेशिया
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लखनादौन विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए बुधवार 09 अप्रैल 2025 को मंगल भवन लखनादौन में एक महत्वपूर्ण स्नेह और संवाद सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। दोपहर 10:30 बजे से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर गहन चर्चा करेंगे। यह सम्मेलन मात्र एक औपचारिक बैठक नहीं है, बल्कि उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मिलन है जो अपने अथक परिश्रम से पार्टी की हर सफलता की नींव रखते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, लखनादौन विधानसभा के कोने-कोने से कार्यकर्ता एकत्रित होकर अपनी ऊर्जा और विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, और संगठन को नई दिशा देने के लिए सामूहिक संकल्प लेंगे। इस अवसर की गरिमा तब और बढ़ जाएगी जब मंडला के लोकप्रिय



सांसद, माननीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को अपना प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उनकी ओजस्वी वाणी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी और उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ने की प्रेरणा देगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर जी, जिन्होंने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और पूर्व जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे जी, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है, भी अपने अनुभवों और ज्ञान से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।
जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी की गरिमामयी उपस्थिति इस सम्मेलन को और भी महत्वपूर्ण बनाएगी। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह पार्टी परिवार के बंधन को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी, जनपद उपाध्यक्ष दीपक निगम एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। अध्यक्ष भाजपा मंडल अजेंद्र गोल्हानी लखनादौन ने भावुक अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की समय पर उपस्थिति न केवल कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करेगी, बल्कि संगठन के प्रति उनके अटूट विश्वास और समर्पण का भी प्रमाण होगी। यह सिर्फ एक सम्मेलन नहीं, बल्कि भाजपा परिवार का स्नेह और शक्ति का प्रदर्शन है। आइए, हम सब मिलकर इस महाकुंभ को सफल बनाएं और विजय के संकल्प को और मजबूत करें।
आपकी उपस्थिति, संगठन की शक्ति। आपका समर्पण, भाजपा की विजय।

## दो बाइकों में भिड़ंत, दो मृत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले खैरापलारी पुलिस चौकी के कहानी रोड स्थित नवीन पलारी में सोमवार दोपहर लगभग 12.30 बजे दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दो बाइक में सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दो लोग घायल हो गये है। पलारी पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार सोमवार दोपहर 12.30 बजे सूचना मिली की नवीन पलारी में दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई है और दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर तत्काल पलारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपस्थित चिकित्सक ने दो लोगों मृत घोषित कर दिया, तो वहीं दो घायलों का उपचार चल रहा है। मृतकों की पहचान राजकिशोर पिता छोटेलाल बघेल 48 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया कला थाना केवलारी एवं दूसरे मृतक की पहचान विक्रम पिता रंगलाल यादव 17 वर्ष निवासी ग्राम बरबसपुर के रूप में हुई। तो वहीं घायलों की पहचान मोनू यादव 25 वर्ष एवं श्रीमती सोनम यादव 22 वर्ष के रूप में हुई। बताया गया कि राजकिशोर बघेल अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 22 एमएच 5851 में सवार होकर खैरापलारी से वापस पिपरिया कला जा रहा था तभी बरबसपुर की ओर से बाइक क्रमांक एमपी 22 जेडएफ 1772 में सवार विक्रम, मून एवं सोनम यादव की बाइक से भिड़ंत हो गई। इस घटना में राजकिशोर सहित दूसरी बाइक में सवार विक्रम की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शवों का केवलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्ट मार्डम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## घनश्याम बघेल बने नरेन्द्र मोदी विचार मंच भारत के जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नरेन्द्र मोदी विचार मंच, भारत (मिशन न्यू इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चाणक्य जी की सहमति, प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील सांखला जी की अनुशंसा पर प्रांतीय अध्यक्ष महाकौशल प्रांत श्री दिनेश सिंह चौधरी जी द्वारा भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता श्री घनश्याम बघेल को सिवनी जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री घनश्याम बघेल की नियुक्ति पर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा प्रभावी क्रियान्वयन पर जनता का ध्यान केन्द्रित किये जाने पर विशेष ध्यान देवें। जिससे आमजनों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम बघेल ने नरेन्द्र मोदी विचार मंच, भारत (मिशन न्यू इंडिया) के केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ण विश्वास के साथ मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारी का पूरी सक्रियता से निर्वहन करते हुए शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जावेगा। इस अवसर सर्वश्री संतोष अग्रवाल जी वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, समीर अग्रवाल, मुकेश चंदेल, श्याममिलन पांडे, श्याम ब्रम्हवंशी, कपिल पांडे, राजा ठाकुर, गोपाल पवमें, नीलेश बघेल नीलू, हुकुम चौहान, मनोज बघेल, संजय यादव, रितिक बघेल, रामजी चंद्रवंशी, संजू बघेल, रामजी बघेल, आशीष पाठक, घनश्याम बघेल, रामकृष्ण बघेल, संकेत विक्की शिवहरे, मनीष मोनू मिश्रा, अंकित दुबे, मोनू साहू, संजय डहेरिया, अखिलेश राय जेवनारामाल सहित जिले के बघेल समाज के अलावा अन्य सभी समाज तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

## खबर संक्षेप

### बंदरो को मेन सड़क के किनारे खाने का देकर खतरे मे ना डाले।

**उकवा /** बेजुबान जानवर जिनको लोगो ने खाने का लालच दे कर सड़क पर ला दिए जिस से आए दिन एक ना एक बंदर सड़क हादसे में मारा जाता है और वह अपने परिवार से बिछड़ जाता हैं l मानते है आप लोग भी जानवरो के प्रति प्रेम रखते है और एक छोटी सी पहल बंदरों की जान बचा सकतीं है l जब भी बन्दरों को खाने का दें तो उन्हें सड़क से बाहर कुछ दूरी में दें जिस से बंदर सड़क पर ना आये ऐसा करने से वो सुरक्षित रहे। जिस से उनकी जीवनशैली बनी रहे देखा जा रहा है कि आज कल बंदर अपनी जीवनशैली भूल चुके है इसीलिए वह जंगलों को छोड़के इंसानों के बीच घरों में ज़्यादा परेशान करते है जिस वजह से बिज़ली के तारों से चिपक कर या कुंवे आदि जगह गिर कर जान चले जाती हैं l वजह यही है कि हम इंसानों ने उनको खाने का लालच देकर गाँवों की और पलायन करने में मजबूर कर दिये हैं l इसलिए बंदरों का जीवन जंगलों में रहने से ही सुरक्षित है lऔर शासन प्रशासन सें मेरा विनम्र निवेदन है जिस तरह से पेड़ो की कटाई की जाती हैं उसी तरह से जंगलों में कुछ फलदार पेड़ पौधे लगाया जाये जिस से जंगल में रहने वाले जीव जंतु को उनके लायक़ कुछ खाने को मिल जाये ।आपका जीव दया प्रेमी समाजसेवी अमन ग़ौतम l विधानसभा अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारीं मध्यप्रदेश ।

## बिना निविदा खुले पूर्व ठेकेदार द्वारा की जा रही बैठकी व मवेशी बाजार की वसूली

# मवेशी पंजीयन शुल्क की राशि वसूली जा रही दोगुनी







**वारासिवनी।** अनियमितताओं का अड्डा बन चुकी नगरपालिका परिषद वारासिवनी में नित नये नये कारनामे सामने आते जा रहे हैं। पिछले एक वर्ष से नगरपालिका परिषद द्वारा नगर के बैठकी बाजार व मवेशी बाजार की वसूली का कार्य किसी ठेकेदार को ना देकर खुद के द्वारा किया जा रहा था, लेकिन नवीन वर्ष 2025-26 का नवीन ठेका भी अभी तक किसी भी ठेकेदार को नहीं दिया गया हैं। उसके बाद ाी ठेकेदार द्वारा मवेशी व बैठकी बाजार की वसूली प्रारंभ कर दी गई हैं।

### 7 अप्रैल से कर दी हैं पूर्व ठेकेदार ने वसूली प्रारंभ

जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरपालिका परिषद वारासिवनी के बैठकी व मवेशी बाजार का ठेका नहीं हो पाया था। जिसके बाद नगरपालिका द्वारा पूर्व ठेकेदार पन्ना धार्मिक बंधुओं के कर्मचारियों के माध्यम से ही बैठकी व मवेशी बाजार की वसूली करवाई गई। जो इस वर्ष भी लगातार जारी रही। लेकिन कल 7 अप्रैल 25 से नगरपालिका ने एक बार फिर बैठकी व मवेशी बाजार की वसूली का कार्य पन्ना धार्मिक बंधुओं को सौंप दिया हैं। जबकि अभी तक बैठकी व मवेशी बाजार की नीलामी की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई हैं।

### 150 व 300 वसूलने के हैं प्रावधान

मवेशी व बैठकी बाजार में वसूली पर बैठते ही धार्मिक बंधुओं ने नगरपालिका कर्मचारी की आँखों के नीचे लूट प्रारंभ कर दी हैं। जानकारी अनुसार नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा मवेशी बाजार में बिकने आने वाले जानवरों की खरीदी-बिक्री पर राशि वसूल की जाती हैं। जिसके लिए नगरपालिका द्वारा प्रत्येक वर्ष दर निर्धारित की जाती हैं। जिसके अनुसार मवेशी बाजार में जानवर बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों से राशि वसूल की जाती हैं। जिसमें एक जानवर बिकने पर 150 रुपये खरीदने वाले और बेचने वाले से 50 रुपये तथा दो जानवर बिकने पर 300 रुपये खरीदने वाले से और बेचने वाले से 100 रुपये की वसूली करने का प्रावधान हैं।

### पूर्व ठेकेदार वसूल रहा 350 व 700 रुपये

लेकिन मंगलवार 8 अप्रैल को जब हमने मवेशी बाजार का दौरा किया, तो वहॉ पर बिलकुल विपरीत स्थिति नजर आई। मवेशी बाजार की चावड़ी में पूर्व ठेकेदार विजय धार्मिक व नगरपालिका का एक कर्मी बैठा हुआ था। जो मवेशी खरीदने व बेचने वालों से राशि वसूली का कार्य कर रहे थे। पूर्व ठेकेदार विजय धार्मिक द्वारा एक मवेशी बिकने पर 350 रुपये व दो मवेशी बिकने पर 700 रुपये खरीदने वाले वसूले जा रहे थे।

### पंजीयन शुल्क रसीद में नहीं होता राशि का उल्लेख

इतना ही नहीं विजय धार्मिक द्वारा जो पंजीयन शुल्क रसीद मवेशी खरीदने बेचने वाले किसानों को दी जा रही थी, उसमें मवेशी के खरीदने की कीमत तो लिखी जा रही थी, लेकिन उनसे टैक्स के रुप में ली जा रही राशि का उल्लेख रसीद में नहीं किया जा रहा था।

### किसानों ने कहा दोगुनी राशि वसूल रहा ठेकेदार

इस संबंध में जब मवेशी खरीदने व बेचने वाले किसानों से चर्चा की गई, तो उन्होंने साफ साफ बताया कि ठेकेदार द्वारा एक बैल पर 350 रुपये व दो बैल खरीदने पर 700 रुपये वसूले जा रहे हैं। जिससे स्पष्ट हो जाता हैं कि नगरपालिका कर्मचारी की उपस्थिति में भी ठेकेदार द्वारा दोगुनी राशि वसूली जा रही हैं।

### निविदा जमा करने की अंतिम तारीख समाप्त होने के पहले ठेकेदार की वसूली प्रारंभ

यहॉ पर गौरतलब बात यह हैं कि बैठकी व मवेशी बाजार की नीलामी में भाग लेने के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 11 अप्रैल 2025 हैं। जब अभी अंतिम तिथि ही नहीं समाप्त हुई हैं, तो फिर पूर्व ठेकेदार को कैसे बैठकी व मवेशी बाजार की वसूली का काम सौंप दिया गया है? यह एक विचारणीय प्रश्न है। चर्चा हैं कि नगरपालिका का संचालन करने वाले तथाकथित नेताजी ने लगभग 29 लाख रुपये में धार्मिक बंधुओं को ठेका देने का आदेश जारी कर दिया हैं, जिसके कारण नीलामी होने के पहले ही नगरपालिका के कर्ताधर्ताओं ने धार्मिक बंधुओं को बैठकी व मवेशी बाजार से वसूली का काम सौंप दिया है।

### ठेकेदार को बोले ज्यादा पैसे क्यों ले रहे हो, तो बोले उतना ही लगेगा-ईसाराम तुरकर

ग्राम पूनी निवासी ईसाराम तुरकर ने बताया कि मैं लगभग दो-तीन वर्षो से बैल बाजार में बैल खरीदने-बेचना आता हूॅ। मैंने आज ग्राम सिकंद्रा निवासी गणेश के पास से दो बैल खरीदा। दो बैल खरीदने के बाद बाजार ठेकेदार को मैने 700 रूपये दिया। उन्होंने 700 रुपये माँगा, हमने दे दिया। हमने बोले ज्यादा पैसे क्यों ले रहें हो, तो बोले उतना ही लगेगा, अभी ठेकेदारी हुई हैं, देना पड़ेगा।

### किसानों से ज्यादा पैसे ले रहा ठेकेदार-संजय कटरे

किसान संजय कटरे ने बताया कि मैं बहुत वर्षो से बैल बेचना आता हूॅ। आज मैंने एक बैल सोनझरा निवासी महादेव के पास से खरीदा। आज बैल बाजार में ठेकेदार बैठा हैं, मैंने 350 रूपये ठेकेदार को दिया हूॅ, हम किसान से कुछ ज्यादा ही राशि ठेकेदार द्वारा ली जा रही हैं, जो गलत हैं।

### सीएमओ, अध्यक्ष व उपयंत्री ने नहीं उठाया मोबाईल फोन

इस बात की जानकारी लेने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, सीएमओ दिशा डेहरिया व उपयंत्री सुमित मोटवानी को मोबाईल पर फोन लगाया गया, तो अध्यक्ष का मोबाईल बंद आया और सीएमओ व उपयंत्री दोनों के मोबाईल पर रिंग जाती रही, लेकिन दोनों में से किसी ने भी मोबाईल रिसीव नहीं किया। वहीं सीएमओ के मोबाईल पर टेक्स्ट मैसेज भेजकर बैठकी व मवेशी बाजार की नीलामी के संबंध में बात करने और कॉल रिसीव करने या रिटर्न कॉल करने के लिए लिखा गया, तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया। अब देखना यह हैं कि इस पूरे में प्रशासन क्या कार्यवाही करता है.?

## संजय सरोवर भीमगढ़ बांध का विधायक विवेक विक्की पटेल और विधायक अनुभा मुंजारे ने किया निरीक्षण

### शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी-विवेक पटेल

**वारासिवनी।** जिले के किसानों को रबी की फसल में पानी नहीं मिलने से लगातार किसानों द्वारा आंदोलन किया जा रहा हैं। रबी की फसलों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसल नष्ट होने की कगार पर हैं। मुनादी के माध्यम से शासन प्रशासन द्वारा किसानों से रबी की खेती करने कहा गया था। मगर उन्हें सिंचाई के लिए पानी देना भूल गई। इसी से नाराज किसानों ने कभी आंदोलन किया, तो कभी जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से पानी देने की मांग की थी। मगर शासन की लचर प्रणाली के चलते किसानों को पानी उपलब्ध नहीं करवा पाई।

इन सभी समस्याओं को देखते हुए बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे और वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल एशिया की सबसे बड़े मिट्टी के बांध संजय सरोवर भीमगढ़ बांध पहुँचे और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बालाघाट जिले के किसानों को रबी की फसलों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की बात अधिकारियो से कही।

**नहर में लाइनिंग नहीं होने से खेतों तक नहीं पहुँच रहा पानी-** भीमगढ़ बांध की जर्जर स्थिति के कारण केवलारी, धनोरा, उगली और बालाघाट के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। बीते वर्ष संजय सरोवर भीमगढ़ बांध से धनोरा, पलारी, बालाघाट जिले तक बॉध से जाने वाली नहर का सीमेंटीकरण करने के लिए करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत जल संसाधन विभाग ने की थी। वहीं नहर की सीमेंटीकरण का प्रोजेक्ट भी तैयार कर निविदा भी निकाली गई थी, मगर अभी तक नहर में सीमेंटीकरण का कार्य नहीं किया गया है।

**भीमगढ़ बांध से ढूंटी बांध की दूरी लगभग 124 किलोमीटर-** एशिया की सबसे बड़े मिट्टी के बांध संजय सरोवर भीमगढ़ बांध से ढूंटी बांध की दूरी लगभग 124 किलोमीटर हैं, जब भीमगढ़ बांध से स्पीड से पानी छोड़ा जाता हैं, तो ढूंटी बांध पहुँचने में लगभग 48 घंटे लगता हैं। वही अगर पानी की स्पीड धीरे हो, तो पानी पहुंचने में लगभग 5 दिनों का समय लगता हैं। अभी भीमगढ़ बांध में लगभग 97 मिलियन घन मीटर पानी मौजूद हैं। सिवनी, केवलारी, बरघाट सहित अन्य ग्रामों में पीने का पानी यही से पर्याप्त होता हैं,



अगर बालाघाट जिले में सिंचाई के लिए पानी दिया जाता हैं, तो सिवनी, केवलारी में पीने के लिए पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, बालाघाट की नहरों में पानी पहुंचाने के लिए लगभग 110 मिलियन घन मीटर पानी बांध में रहना चाहिए।

**नहरों में लाइनिंग का कार्य करवाना बहुत जरूरी- विवेक पटेल-** विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि अपने क्षेत्र के किसानों के हिस्से का पानी मांगने आये थे, हमारे क्षेत्र में पानी भीमगढ़ बांध से ढूंटी बांध जाता हैं और वहाँ से नहर के माध्यम से हमारे क्षेत्र के किसानों को पानी मिलता हैं। हमने यहां के अधिकारियों से चर्चा की और यहां की परिस्थिति को देखा। यहां पानी की बहुत कमी हैं, हमारे क्षेत्र के किसानों ने रबी की फसल लगाए हैं। हम चाहते हैं कि किसानों को पानी मिले। शासन के कहने में जब किसानों ने फसल लगाई है, तो उन्हें सिंचाई के लिए पानी दे। किसानों को बिजली दे, मार्च के महीने में ही हमारे क्षेत्र के तालाब सूख गए हैं। अगर नहर चलेगी, तब तालाब में पानी आएगा, 40 साल पुरानी मिट्टी की जर्जर नहर के कारण खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं। इस समय जिले में किसानों ने रबी की फसल लगाया हैं, मगर सिंचाई के लिए किसानों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ हैं। कच्ची नहर में टूट-फूट के कारण हर साल बड़ी मात्रा में भीमगढ़ से पानी बर्बाद हो जाता हैं। सीमेंटीकरण होने के बाद पानी की बर्बादी रुकेगी और क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी पर्याप्त पहुंच सकेगा, जिससे किसानों को रबी की खेती करने में भी आसानी होगी।



**बारिश नहीं होने से भीमगढ़ बांध में बना जल संकट- अनुभा मुंजारे-** हमारा बालाघाट जिला धान्य बाहुल्य जिला हैं, हर वर्ष की तरह इस समय किसानों ने रबी की फसल लगाई है और सिंचाई के लिए फसल को पानी की आवश्यकता हैं, मगर बालाघाट जिले में जल संकट बना हुआ हैं। हम भीमगढ़ बांध सरोवर आये थे, अधिकारियो ने बताया कि हर वर्ष बीच में वर्षा हो जाती थी। तो पानी का संकट नहीं रहता था, मगर इस वर्ष बारिश नहीं हुई, जिसके कारण सभी जगह पानी की समस्या बनी हुई हैं। शासन प्रशासन के आदेशों पर किसानों ने रबी की फसल लगाई थी, मगर पानी देने में अब पीछे हट रही है। अगर 15 दिनों के अंदर रबी की फसलों को पानी नहीं मिलेगा, तो फसल नष्ट हो जायेगी। हम किसानों के साथ हैं, हम दोनों किसानों की परेशानियों को देखते हुए भीमगढ़ सरोवर बांध आये हैं। यहां भी पानी की समस्या बनी हुई हैं, हम इस विषय में सिवनी कलेक्टर सहित जल संसाधन मंत्री से भी बात करेंगे। अभी किसानों को पानी नहीं मिल रहा हैं। ये शासन की बड़ी लापरवाही हैं। इस समय ना किसानों को पानी मिल रहा हैं और ना ही बिजली मिल रही हैं।

**ये रहे मौजूद-** इस दौरान कार्यपालन यंत्री केवलारी विनोद उइके, एसडीओ उदयभान मर्सकोले, एसडीओ विद्युत यांत्रिक विभाग अनुराग कछवाहा, सब इंजीनियर सूरज भदौरिया, स्थल सहायक संतोष मानदेव, अनिल पिपरेवार, सुदेश गुड्डू सोनी, ईमानसिंह कटरे, समी खान, रामेश्वर गौतम सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड व नवोदय में चयनित छात्रा दीपिका

### शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम की दो बहनों सहित तीन छात्राओं का राज्यस्तरीय गणित ओलंपियाड में चयन दीपिका का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन

**वारासिवनी।**

नगरीय क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायत वारा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम के एक साथ दो बहनों सहित तीन प्रतिभावान छात्राओं ने जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड में शामिल होने की पात्रता हासिल की है। वहीं विद्यालय की एक छात्रा दीपाली ने नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6 वीं चयन परीक्षा में चयनित होकर सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया हैं।

विदित हो कि बीते दिवस जिला मुयालय में आयोजित कक्षा 2 से कक्षा 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम के तीन प्रतिभावान छात्राओं कक्षा 3 री की राशि शिवदयाल साहू, कक्षा 5 वीं की मोहिनी शिवदयाल साहू तथा दीपिका दयाराम बाहेश्वर ने शामिल होकर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफलता प्राप्त कर भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड के लिए पात्रता प्राप्त कर ली हैं।



इतना ही नहीं कक्षा 5 वीं की छात्रा दीपिका ने गणित ओलंपियाड में कामयाबी प्राप्त करने के साथ ही नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6 वीं चयन परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होकर विद्यालय सहित ग्राम का मान बढ़ाया हैं।

इन प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा स्कूल एवं ग्राम का मान बढ़ाने पर सरपंच सूर्यभान पुसाम, पूर्व सरपंच राजा अली, प्रधानाचार्य नीलकंठ कावड़े, शिक्षिका कुमिका डोंगरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूजा बिसेन, आशुतोष कोहरे, रूसेन्द्र हरिनखेड़े सहित विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उत्साहवर्धन किया हैं।

## वर्षों से नहीं हो पाया मंडी परिसर का सीमांकन; 5 वर्षों में एसडीएम के सीमांकन के 5 आदेशों का पालन नहीं किया तहसीलदारों ने

**वारासिवनी।**

लगभग 50 वर्षो से अधिक समय से वारासिवनी नगर के वार्ड नबर 4 में शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक शाला के खेल मैदान के बाजू में झोपड़ी व मकान बनाकर रहने वाले बैगा आदिवासियों को अतिक्रमित बताकर हटाने के लिए तहसीलदार वारासिवनी लगातार प्रयास कर रहे है। लेकिन पिछले 5 वर्षो से वारासिवनी नगर के वार्ड नबर 7 में स्थित कृषि उपज मंडी द्वारा लगातार मंडी के भारसाधक अधिकारी एसडीएम व सचिव के माध्यम से सीमांकन के लिए आवेदन लगा रही है। लेकिन आज तक तहसीलदार साहब को कृषि उपज मंडी की भूमि का सीमांकन करने की फुरसत नहीं मिल पा रही है। हालात यह हैं कि एसडीएम वारासिवनी द्वारा वर्ष 2020 से लगातार कृषि उपज मंडी वारासिवनी की भूमि का सीमांकन कर फील्ड बुक प्रस्तुत करने के आदेश दिए जा रहे है, लेकिन तहसीलदार वारासिवनी द्वारा एसडीएम के आदेश की भी अवहेलना लगातार की जा रही हैं।

**24 अगस्त 20 को दिया था एसडीएम ने तहसीलदार को पहला आदेश सीमांकन का-** कृषि उपज मंडी वारासिवनी से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि उपज मंडी वारासिवनी का कुल रकबा 2.128 हेक्टेयर है। लेकिन वर्तमान समय में उसके चारों ओर अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई हैं, जिसके कारण उसका रकबा कम हो गया हैं। जिसके सीमांकन के लिए कृषि उपज मंडी वारासिवनी के सचिव द्वारा 8 अगस्त 2020 को मंडी के भारसाधक अधिकारी/एसडीएम को पत्र लिखा गया था। जिस पर एसडीएम ने 24 अगस्त 2020 को तहसीलदार को पत्र लिखकर मंडी का सीमांकन कर फील्ड बुक और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश



दिए थे। लेकिन उनके इस आदेश का असर तहसीलदार पर नहीं पड़ा।

**इन तारीखों में एसडीएम ने तहसीलदार को दिए सीमांकन के आदेश-** इसके बाद से कृषि उपज मंडी वारासिवनी द्वारा भारसाधक अधिकारी/एसडीएम को 25 जनवरी 2021, 31 अक्टूबर 2021, 20 मार्च 2023 और 23 अगस्त 24 को तहसीलदार को आवेदन देकर सीमांकन की मॉग की गई हैं। वहीं एसडीएम वारासिवनी द्वारा भी तहसीलदार वारासिवनी को 10 मई 22, 4 अप्रैल 2023, 7 सितम्बर 24 एवं तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को 17 नवबर 2021 को पत्र लिखकर सीमांकन कर फील्ड बुक पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**आज तक नहीं किया तहसीलदार ने एसडीएम के आदेश का पालन-** लेकिन आज तक तहसीलदार वारासिवनी द्वारा ना तो मंडी के



आवेदन पर कोई कार्यवाही की गई है और ना ही एसडीएम वारासिवनी के आदेश का पालन किया गया हैं। जिसके कारण मंडी प्रांगण के चारों ओर अतिक्रमण कर बेजा कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**दुकानों के सीमांकन की रिपोर्ट एसडीएम को दे दी-इमरान मंसूरी -** इस संबंध में जब तहसीलदार इमरान मंसूरी से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही मंडी क्षेत्र में स्थित दुकानों का सीमांकन कर रिपोर्ट एसडीएम साहब को दे दी गई हैं। उन दुकानदारों को मरमत के लिए अनुमति की आवश्यकता हैं, इसीलिए मंडी ने एसडीएम के माध्यम से उनके सीमांकन का आवेदन लगाया था, जो कर दिया गया हैं।

**2020 से लगातार दे रहे सीमांकन के लिए आवेदन-नागेन्द्र सिंह रंगारे-** वहीं मंडी प्रांगण प्रभारी नागेन्द्र सिंह रंगारे ने बताया कि मंडी परिसर क्षेत्र लगभग 2.128 हेक्टेयर का हैं। जिस पर कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिए जाने की आशंका है। इसीलिए वर्ष 2020 से लगातार मंडी अधिकारियों द्वारा सीमांकन के लिए भारसाधक अधिकारी/एसडीएम के माध्यम से आवेदन दिया जा रहा है। लेकिन आज तक मंडी परिसर की संपूर्ण भूमि का सीमांकन नहीं किया गया हैं। इस संबंध में मंडी ने 23 अगस्त 24 को तहसीलदार वारासिवनी को भी पत्र लिखकर मंडी प्रांगण का सीमांकन करवाने की मॉग की थी। किंतु आज तक उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### इनका कहना है

**सीमांकन नहीं होने से भूमि का रकबा व नक्शा अनुमोदन में परेशानी-** श्री रंगारे ने बताया कि मंडी की ओर से वारासिवनी कृषि उपज मंडी व कोचेवाही उपमंडी का सीमांकन करने के लिए आवेदन लगाए गए है। लेकिन दोनों ही मंडियों की भूमि का सीमांकन नहीं किया गया है। जिसके कारण मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर अतिक्रमण अथवा मंडी की स्पष्ट भूमि का रकबा नक्शा अनुमोदन करवाने की कार्यवाही में मंडी कार्यालय को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। शीघ्र करवाया जायेगा मंडी परिसर का सीमांकन

**राजीव रंजन पांडे एसडीएम**

मंडी परिसर का सीमांकन शीघ्र ही करवाया जायेगा। अभी वहॉ स्थित दुकानों के दुकानदारों द्वारा मरमत कार्य करवाने की अनुमति मॉगी गई हैं, उसका सीमांकन करवाया गया है। मंडी परिसर के सीमांकन की कार्यवाही के आदेश भी दे दिए गए है।

**राजीवरंजन पांडे एसडीएम/भारसाधक अधिकारी वारासिवनी।**